Ph.No. 0151 - 2543419 (O)
2549348 (Fax)

सूचना का अधिकार
RIGHT TO INFORMATION

# RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCES, BIKANER

**Dr. B.R. Chhipa**
**Vice-Chancellor**

**प्रथम अपील संख्या 118/2018**

**एस. भटनागर,**
**c/o सूचना और समाचार,**
**गोल्फ कॉर्स रोड,**
**जोधपुर (राज.) 342011** **अपीलार्थी**

**बनाम**

**कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी,**
**राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,**
**बीकानेर**

**प्रत्यर्थी**

**अपील प्रस्तुत करने की दिनांक 01.06.2018**
**अपील में निर्णय की दिनांक 14.06.2018**

## *निर्णय*

अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र दिनांक 07.04.2018 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 03.05.2018) के द्वारा कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर से चाही गयी सूचना लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान नहीं की गई होने के आधार पर यह अपील प्रस्तुत की गयी है।

प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार से है कि अपीलार्थी/आवेदक द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन पत्र दिनांक 07.04.2018 जो कि प्राचार्य राजस्थान वेटर्नरी वि० विद्यालय, बीकानेर को संबोधित कर प्रस्तुत किया गया जबकि विश्वविद्यालय में उक्त पदनाम से कोई पद नही है व आवेदन पत्र अंतरित होकर विश्वविद्यालय में दिनांक 03.05.2018 को प्राप्त हुआ, प्रस्तुत कर सूचना चाही गयी। कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी के पत्रांक 151 दिनांक 21.05.2018 के द्वारा अपीलार्थी/आवेदक को अतिरिक्त शुल्क राशि जमा कराने हेतु लिखा गया। अपीलार्थी/आवेदक के द्वारा अतिरिक्त शुल्क राशि का भुगतान करने पर कुलसचिव एवं लोकसूचना अधिकारी के पत्रांक 159 दिनांक 05.06.2018 के द्वारा अपीलार्थी/आवेदक को सूचना/प्रत्युत्तर भिजवायी गयी।

अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र दिनांक 07.04.2018 (विश्वविद्यालय में प्राप्ति दिनांक 03.05.2018) के द्वारा कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर से चाही गयी सूचना लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान नहीं की गई होने के आधार पर यह अपील प्रस्तुत कर सूचना देने की प्रार्थना की है। विश्वविद्यालय के पत्रांक एफ (अ–118/18)VCS/RAJUVAS/RTI/2018/161 दिनांक 07.06.2018 के द्वारा अपीलार्थी को सुनवाई हेतु दिनांक 14.06.2018 नियत की गई होना अवगत करवाया गया। अपीलार्थी नियत सुनवाई तारीख को अनुपस्थित रहे। कुलसचिव एंव लोक सूचना अधिकारी की ओर से पक्ष प्रस्तुत कर अवगत करवाया गया कि अपीलार्थी/आवेदक को पत्रांक 159 दिनांक 05.06.2018 के द्वारा सूचना भिजवा दी गयी है व अपील खारिज करने की प्रार्थना की गयी।

उक्त वर्णित तथ्यों, तर्कों, संबंधित अभिलेख व नियमों के परिप्रेक्ष्य में अद्योहस्ताक्षरकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचते है कि कुलसचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा अपीलार्थी/आवेदक को सूचना प्रदान की जा चुकी है व अब कोई कार्यवाही अपेक्षित नही है। अतः उक्त तथ्यों व आधारो पर अपील अपीलार्थी खारिज योग्य होने से खारिज की जाती है। निर्णय खुले चैम्बर में सुनाया गया। निर्णय प्रति उभय पक्षों को सूचनार्थ प्रेषित की जावे।

(बी.आर. छीपा)
कुलपति एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी,
राजुवास, बीकानेर

कुल सचिव
राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान
विश्वविद्यालय बीकानेर